42

2B3N24068 (Pages : 2) Reg. No:.......................

Name: .......................

FAROOK COLLEGE (AUTONOMOUS), KOZHIKODE

**Third Semester BA/B.Sc Degree Examination, November 2024**

**BHN3A09 – Poetry in Hindi**

(2022 Admission onwards)

Time: 2 ½ hours Max. Marks: 80

## PART A

**I. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं प्रश्नों के उत्तर लिखिए। प्रत्येक प्रश्न का अंक 2 है। आपको अधिकतम 25 अंक मिल सकते हैं। (25 Marks)**

1. कबीर के अनुसार 'ईश्वर' कहाँ स्थित है?
2. लंका के भयंकर शरीर वाले राक्षसों को देखकर हनुमान ने क्या किया?
3. यशोधरा की शिकायत क्या है?
4. 'जागो फिर एक बार ' कविता का मूल संदेश क्या है?
5. गोपी की शिकायत के प्रत्युत्तर में बालक कृष्ण यशोधा माँ से क्या कहता है?
6. कवि पेड़ को महान कहते हैं।क्यों?
7. बीज की व्यथा क्या है?
8. औरत कैसे बेजगह हो जाती है?
9. कवि नागार्जुन की राय में प्रजातंत्र के रथ को क्या हो गया है?
10. दलितों की दृष्टि में मैत्री क्यों संभव नहीं है?
11. कनुप्रिया किस प्रकार की कविता है? प्रस्तुत कविता में वर्णित कनुप्रिया कौन है?
12. 'पुतली में संसार' कविता में धनुर्धर गुरुदेव से क्या कहता है?
13. "अपनी जगह से गिरकर,कहीं के नहीं रहते, केश, औरतें और नाखून"- ये किस कविता की पंक्तियाँ है? कवि कौन है?
14. नागार्जुन के अनुसार सारी की सारी पार्टियों के नेता क्या कर रहे हैं?
15. कनुप्रिया कविता का केन्द्रीय भाव क्या है?

**(Ceiling: 25 Marks)**

## PART B

**II. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं प्रश्नों के उत्तर लिखिए । प्रत्येक प्रश्न का अंक 5 है। आपको अधिकतम 35अंक मिल सकते हैं ।** **(35 Marks)**

16. "प्रेम ना बाड़ीऊपजै, प्रेम ना हाट बिकाय।

    राजा परजाजिहिंरुचै, सीस देइलैजाय"।। प्रस्तुत दोहे का भाव समझाइए ।

17. मानव जन्म की निरर्थकता के बारे में सूरदास का क्या विचार है?

18. यशोधराके दुःख का वर्णन कीजिए।

19. ज्ञानेन्द्रपति ने परंपरागत भारतीय बीज का वर्णन किस प्रकार किया है?

20. जयप्रकाश कर्दम की राय में समाज में दलितों की क्या हालत है?

21. 'लड़कियाँ हवा, धूप, मिट्टी होती हैं उनका कोई घर नहीं होता!' कविता के संदर्भ में इन पंक्तियों कीव्याख्या कीजिए।

22. 'कनुप्रिया' में वर्णित कृष्ण के चरित्र पर प्रकाश डालिए ।

23. 'कनुप्रिया' की राधा के मन में कृष्ण का स्वरूप कैसा है?

**(Ceiling: 35 Marks)**

## PART C

**III. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हींदो प्रश्नों के विस्तृत उत्तर लिखिए । प्रत्येक प्रश्न का अंक 10 है । (20 Marks)**

24. 'मैंने कहा पेड़' कविता का सारांश लिखिए ।

25. 'हम भी साझीदार थे' कविता वर्तमान राजनीतिक पाखंड को दर्शाती है- अपनामत

    प्रकट कीजिए ।

26. 'कनुप्रिया' खण्ड काव्य के मूल प्रतिपाद्य का विश्लेषण कीजिए।

27. 'कनुप्रिया' में राधा का स्वरूप किस प्रकार वर्णित है -अपना विचार प्रस्तुत कीजिए ।